वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

पीएच0डी0 प्रवेश– 2022 हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

पत्रांक 1497 / शोध / शैक्षणिक / 2022 दिनांकः– 30/11/2022

सूचना

एतद्द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि पीएच0डी0 प्रवेश– 2022 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों एवं राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शोध निर्देशकों एवं अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् है–

1. पीएच0डी0 प्रवेश–2022 की सूचना विवरणिका में दिये गये अर्हता में प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थी जिन्होंने पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु सत्र–2022 में आवेदन किया है एवं पी0यू0 क्रेट (PUCRET) परीक्षा–2022 में उत्तीर्ण (Qualified) है वे अभ्यर्थी आवेदन के लिए अर्ह होंगे। आवेदन के लिए अर्ह अभ्यर्थियों में अलग से कोई वरीयता क्रम निर्धारित नहीं किया गया है। आवेदन हेतु अर्ह सभी अभ्यर्थी समान हैं।
2. उक्त सभी अभ्यर्थी (पूर्णकालिक/ अंशकालिक पीएच0डी0) विश्वविद्यालय परिसर में संचालित अपने विषय से सम्बन्धित विभागों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों तथा अनुदानित महाविद्यालयों के सम्बन्धित विभागों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करेंगे। आवेदन पत्र, शोध निर्देशकों की सूची, रिक्त सीटों का विवरण आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।
3. अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालय परिसर/राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में अपने विषय से सम्बन्धित विभागों में आवेदन कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों का संस्थानों में विभागवार गठित डी0आर0सी0 (विभागीय शोध समिति) द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को सम्बन्धित डी0आर0सी0 के समक्ष अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य वांछित अभिलेखों जैसे जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र इत्यादि के साथ उपस्थित होना होगा। यदि आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी शोध–प्रस्ताव (Synopsis) संलग्न नहीं कर सका है, तो साक्षात्कार के समय उसे शोध–प्रस्ताव (Synopsis) के साथ उपस्थित होना होगा।
5. अभ्यर्थी दिनांक 01.12.2022 से 15.12.2022 सायं 05.00 बजे तक अपना आवेदन पत्र समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छायाप्रतियों के साथ संस्थानों के सम्बन्धित विभागों में व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। उसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। सम्बन्धित विभाग द्वारा व्यक्तिगत रूप से जमा आवेदन पत्र की पावती अभ्यर्थी को देना अनिवार्य है। अभ्यर्थी एक से अधिक महाविद्यालयों/संस्थानों में आवेदन कर सकते हैं।
6. विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 24.12.2022 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डी0आर0सी0 द्वारा सम्पन्न करा ली जाय। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य अपने माध्यम से (अंशकालीन/पूर्णकालिक पीएच0डी0) समस्त प्रपत्रों सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय को दिनांक 05.01.2023 सायं 05.00 बजे तक कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रेषित करेंगे।
7. संस्थानों में विभागवार गठित डी0आर0सी0 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में सम्बन्धित विषय की आर0डी0सी0 (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 06.01.2023 से 15.01.2023 तक आर0डी0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। तत्पश्चात शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जायेगा। आर0डी0सी0 की संस्तुति के बाद पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु सफल शोधार्थियों की शैक्षणिक विभाग से अपना शोध सम्बन्धी पत्र प्राप्त करेगा और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क (सभी वर्ग हेतु) जमा करने के पश्चात् अपना प्रवेश, सम्बन्धित संस्थानों में ले सकेंगे।
8. अंशकालिक पीएच0डी0 के डी0आर0सी0/आर0डी0सी0 की समस्त प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 06.01.2023 से 15.01.2023 तक सम्पन्न करायी जायेगी, जिसका विवरण अलग से वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।
9. समस्त डी0आर0सी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) की बैठक सीसी टीवी कैमरे की निगरानी से आच्छादित होगी जिसकी ऑडियो एवं वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। डी0आर0सी0 बैठक की कार्यवृत्त एवं समस्त अभ्यर्थियों के उपस्थिति विवरण हस्ताक्षर सहित, तिथि सहित एवं अधिमानिता क्रम में मेरिट बनाकर दिये गये संलग्नक 04 के अनुसार विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
10. समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/शोध निर्देशक केवल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थी का चयन करेंगे। रोस्टरानुसार यदि सीटें पूर्व से भरी हुई हैं तो भविष्य में रोस्टर के अनुसार ही प्रवेश दिया जाय और आरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाय।
11. अभ्यर्थी किसी समस्या/ सूचना हेतु विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभाग से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

निदेशक
पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2022

कुलसचिव

- प्रतिलिपि, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –
  1. निजी सहायक कुलपति,मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
  2. समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/शोध निर्देशक उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
  3. प्रभारी, वेब मास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उक्त सूचना को प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
  4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को निशुल्क समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

निदेशक
पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2022

कुलसचिव